राजस्थान सरकार

**निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर**

क्रमांकः– एफ.2 (क)(1)/(जी–283) अलेसे–I/887 दिनांकः–20/5/2020

## कार्यालय आदेश

श्री घीसाराम खींची, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–I (लिंक नं. 1703), का पदस्थापन विभागीय आदेश दिनांक 03.03.2019 के द्वारा उपकोषाधिकारी, डीडवाना, नागौर से राजस्थान रूरल वाटर सप्लाई एवं फ्लोरोसिस मिटिगेशन प्रोजेक्ट (पी.एम.यू), नागौर में किया गया था तथा इनके स्थान पर श्री देवाराम, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I को पदस्थापित किया गया था। इस निरन्तरता में श्री देवाराम के दिनांक 05.03.2019 को कार्यग्रहण करने के फलस्वरूप श्री खींची को दिनांक 06.03.2019 को कार्यमुक्त कर दिया गया था। श्री खींची द्वारा माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर के आदेश दिनांक 14.03.2019 से स्थगन प्राप्त करने के परिणामस्वरूप श्री खींची द्वारा भी दिनांक 15.03.2019 को उपकोषालय, डीडवाना, नागौर में उपस्थिति दी गई, लेकिन श्री देवाराम के वेतन का आहरण इस उपकोषालय से होने के कारण श्री खींची के माह मार्च, 2019 से अक्टूबर, 2019 तक के वेतन का आहरण निदेशालय के क्रमशः आदेश दिनांक 30.07.2019, 20.09.2019 एवं 13.12.2019 के द्वारा प्राचार्य, राजकीय पीजी महाविद्यालय, डेगाना, नागौर से सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के रिक्त पद के विरूद्ध करने की स्वीकृति जारी की गई थी, लेकिन अब श्री खींची के माह नवम्बर, 2019 के वेतन का आहरण किया जाना और शेष है।

अतः इस निरन्तरता में श्री खींची के माह नवम्बर, 2019 के वेतन का आहरण भी प्राचार्य, राजकीय पीजी महाविद्यालय, डेगाना, नागौर से सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के रिक्त पद के विरूद्ध करने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

(मुकुन्द सोहोनी)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.2 (क)(1)/(जी–283) अलेसे–I/887 दिनांकः– 20/05/2020

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. प्राचार्य, राजकीय पीजी महाविद्यालय, डेगाना, नागौर।
2. कोषाधिकारी, नागौर।
3. श्री घीसाराम खींची, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–I, कार्यालय–उपकोषालय, डीडवाना, नागौर।
4. अतिरिक्त निजी सचिव, निदेशक महोदय।
5. रक्षित निजी पत्रावली।

(भवानी सिंह मीणा)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)